तापमान

भोपाल	23.0°	28.0°
इंदौर	23.0°	27.0°
जबलपुर	24.0°	26.0°
ग्वालियर	26.0°	32.0°
सागर	23.0°	28.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 253, पृष्ठ 12)
श्रावण, कृष्ण चतुर्दशी संवत् 2083
मंगलवार, 11 अगस्त 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... कांवड़ यात्रा सामाजिक एकता और श्रद्धा ...

व्यापार... सोना 1,440 रुपये चढ़कर 1.51 लाख पर पहुंचा...

खेल... कुलदीप को लेकर बोले रहाणे, लगातार अंदर बाहर होने...

देश-विदेश... नंदा की चौकी पुल की एप्रोच रोड का धामी...

खास-खबरें

15 अगस्त को लाल किले से पहली बार गूंजेगा वंदे मातरम्

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः स्वतंत्रता दिवस पर पहली बार लाल किले की प्राचीर से वंदे मातरम का गायन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वतंत्रता दिवस समारोह की अगुवाई करेंगे। वह ऐतिहासिक लाल किले से राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद देश को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह अवसर वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने का भी प्रतीक होगा। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह की थीम युवा शक्ति रखी गई है।

26/11 हमले से जुड़े लश्कर आतंकी की संदिग्ध मौत

इस्लामाबाद, एजेंसीः 26/11 मुंबई आतंकी हमले से जुड़े लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी कारी सईद अब्दुल-अजीज की इस्लामाबाद में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की खबर है। बताया जा रहा है कि वह कुबा मस्जिद के बाहर अचानक गिर पड़ा। उसे संभालने की कोशिश की गई, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं है और पाकिस्तानी अधिकारियों ने घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

फिल्म निर्देशक नूरानी रेप केस में गिरफ्तार

नईदुनिया ब्यूरो, मुंबईः फिल्म निर्देशक शकील नूरानी को 2016 के दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 33 वर्षीय अभिनेत्री ने शिकायत में आरोप लगाया कि नूरानी ने स्क्रिप्ट पढ़ने के लिए मालवानी स्थित घर बुलाया और सॉफ्ट ड्रिंक में नशीली दवा देकर बेहोश कर दिया। अभिनेत्री के अनुसार, होश आने पर नूरानी ने कथित वीडियो दिखाकर पुलिस या परिवार को जानकारी देने पर उसे सार्वजनिक करने की धमकी दी और कई बार यौन उत्पीड़न किया। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने नूरानी की तलाश शुरू की। उनके सातारा जिले के मेधा स्थित फार्महाउस में होने की जानकारी मिली।

भरत एनकाउंटर मामले में मांगी जांच रिपोर्ट

नईदुनिया ब्यूरो, आराः भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में सोमवार को आरा सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। भरत तिवारी के परिवार के वकील संजीव कुमार सिंह ने 11 बिंदुओं पर अपना पक्ष रखा। कोर्ट ने इन बिंदुओं पर भोजपुर एसपी से अब तक की जांच रिपोर्ट मांगी है। सुनवाई के बाद वकील ने दावा किया कि कोर्ट ने एनकाउंटर में शामिल 11 लोगों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया है। हालांकि, कोर्ट की ओर से स्पष्ट किया गया कि इन 11 लोगों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी नहीं किया गया है।

दो लोग तैरकर बाहर आए, ड्राइवर को अधूरा पुल नहीं दिखा, ऊपर से बह रहा था पानी

उफनते नाले में बही वैन, नौ की मौत

नईदुनिया प्रतिनिधि, राजगढ़ः सोमवार सुबह पचोर-सारंगपुर मार्ग पर पड़ाना कस्बे के पास झिरी नाले में 11 लोगों से भरी ईको वैन तेज बहाव में बह गई। हादसे में नौ लोगों की मौत हो, दो लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। मृतकों में तीन पुरुष, दो महिलाएं और तीन साल का बच्चा शामिल है। वैन में सवार सभी लोग देवास जिले के रहने वाले थे और सतवास से कड़लावद गांव जा रहे थे। वाहन में तीन पुरुष, चार महिलाएं और चार बच्चे सवार थे। वैन सतवास के धांसड़ गांव निवासी मुकेश सिंह चौहान के नाम पर पंजीकृत है और हादसे के समय वही वाहन चला रहा था। मुकेश सिंह चौहान और उनके चाचा हुकुम सिंह तैरकर नाले से बाहर निकल आए।

मना करने के बावजूद वाहन पानी में ले गया चालक

सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्होरे के अनुसार, क्षेत्र में रात से तेज बारिश हो रही थी और 40 से 50 गांवों में जलभराव की स्थिति बनी हुई थी। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने चालक को पुल से वाहन नहीं निकालने के लिए मना भी किया था। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने बताया कि मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि देने की स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि देने के निर्देश दिए हैं।

नाले पर करीब 30 फीट लंबा पुल निर्माणाधीन

बताया जाता है कि नाले पर करीब 30 फीट लंबा पुल निर्माणाधीन है। लगातार बारिश के कारण नाले का पानी पुल के ऊपर से बह रहा था। अधूरा पुल दिखाई नहीं देने पर चालक ने वाहन पुल पर चढ़ा दिया। इसके बाद वैन तेज बहाव की चपेट में आकर नाले में बह गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया और दो लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाश अभियान चलाया। टीम ने नाले से नौ शव बरामद किए। सभी शवों को सारंगपुर लाया गया।

प्रदेश में बारिश का दौर जारी

राजधानी में 24 घंटे में सबसे ज्यादा 7 इंच बारिश दर्ज हुई। शहर की 50 से ज्यादा कालोनियों में पानी भर गया है। कई जिलों में लगातार बारिश हो रही है। अनेक स्थानों पर नदियों और नालों का पानी पुल से ऊपर बह रहा है।

राजस्थान, उप्र में भारी बारिश

राजस्थान, उत्तर प्रदेश समेत देश के कई हिस्सों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। राजस्थान के जयपुर स्थित कानोता और झालावाड़ का कालीखाड़ बांध ओवरफ्लो हो गया। झीकनी गांव के स्कूल में पानी भरने से फंसे 30 विद्यार्थियों को ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया। उत्तर प्रदेश में गंगा-यमुना समेत 10 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। फर्रुखाबाद और बिजनौर में गंगा का पानी हाईवे तक पहुंच गया है। करीब 40 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। काशी में 84 घाटों को जोड़ने वाले रास्ते जलमग्न हैं और गंगा का पानी मणिकर्णिका घाट तक पहुंच गया है। वृंदावन में केशीघाट का परिक्रमा मार्ग भी पानी में डूब गया।

असम में बाढ़ से 100 लोगों की मौत, सात लाख प्रभावित

गुवाहाटी। असम में लगातार बारिश के बीच बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य में बाढ़ से अब तक 100 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि करीब सात लाख लोग प्रभावित हुए हैं। ब्रह्मपुत्र समेत कई प्रमुख नदियां उफान पर हैं। बाढ़ के पानी से कई इलाकों में जनजीवन प्रभावित हुआ है और बड़ी संख्या में लोग सुरक्षित स्थानों पर जाने को मजबूर हैं। प्रशासन की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य जारी है।

जंतर-मंतर प्रदर्शन पर सियासत तेज

नड्डा व रिजिजू ने किया राहुल पर करारा हमला

राहुल 15 दिन से सदन बाधित कर रहे

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर करारा हमला किया।

दोनों नेताओं ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छात्र आंदोलन और जंतर-मंतर से जुड़े मुद्दों पर संसद में जवाब देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने राहुल गांधी से चर्चा के दौरान सदन से नहीं भागने की चुनौती दी। रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस लगातार गृह मंत्री से सदन में जवाब देने की मांग कर रहे थे। अब जब गृह मंत्री पूरे विषय पर चर्चा का जवाब देने के लिए तैयार हैं तो विपक्ष को चर्चा से भागना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार छात्र आंदोलन के मुद्दे पर पूर्ण चर्चा के लिए तैयार है और प्रत्येक बिंदु का जवाब दिया जाएगा। रिजिजू ने बताया कि बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में भी सरकार ने छात्र आंदोलन पर चर्चा के लिए अपनी सहमति स्पष्ट कर दी है। उन्होंने विपक्षी दलों से सदन की कार्यवाही बाधित नहीं करने की अपील की। उनके अनुसार, सरकार ने चर्चा के लिए अपना रुख स्पष्ट कर दिया है और विपक्षी दलों को आपसी मतभेद सुलझाने चाहिए। नड्डा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी पिछले 15 दिनों से सदन की कार्यवाही बाधित कर रहे हैं और लगातार अपना मुद्दा बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले नीट पर चर्चा की मांग की गई, सरकार तैयार हुई तो राम मंदिर न्यास का विषय उठाया गया और बाद में जंतर-मंतर की घटना पर गृह मंत्री के बयान की मांग की गई।

नड्डा ने राहुल गांधी के उस दावे को भी खारिज किया जिसमें जंतर-मंतर पर गोली चलने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि वहां गोली चलने की कोई घटना नहीं हुई और न ही गोली चलाने का कोई आदेश दिया गया था।

डॉल्फिन तूफानः शंघाई में भारी बारिश, 10 लाख लोग सुरक्षित स्थानों पर भेजे गए

बीजिंग,एजेंसीः जापान में तबाही मचाने के बाद डॉल्फिन तूफान रविवार देर रात चीन के पूर्वी तटीय इलाकों से टकराया। उस समय तूफान की रफ्तार करीब 150 किलोमीटर प्रति घंटे थी। इसके बाद चीन के कई शहरों में तेज बारिश शुरू हो गई। सबसे ज्यादा असर शंघाई में देखा गया, जहां 150 वर्षों में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई।

चीनी अधिकारियों के अनुसार, तूफान के खतरे को देखते हुए 10 लाख से अधिक लोगों को पहले ही सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया था। लगातार बारिश के कारण कई इलाकों में बाढ़ का खतरा बना हुआ है। कुछ क्षेत्रों में पहाड़ों से मिट्टी और चट्टानें खिसकने की घटनाएं भी सामने आई हैं। चीन की मौसम एजेंसी के अनुसार अब डॉल्फिन तूफान कमजोर पड़ रहा है। इसके चलते मौसम चेतावनी का स्तर घटा दिया गया है। हालांकि, प्रभावित इलाकों में लगातार बारिश के कारण प्रशासन की ओर से सतर्कता बरती जा रही है और बाढ़ के खतरे पर नजर रखी जा रही है।

कोलंबिया में 7.4 तीव्रता का भूकंप, 47 की मौत

बोगोटा, एजेंसीः दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में सोमवार सुबह 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। इससे 47 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग मलबे में दबे हुए हैं। इसके झटके पड़ोसी देश इक्वाडोर तक महसूस किए गए। स्थानीय समय के अनुसार भूकंप सुबह करीब 7 बजे आया, जिसके बाद लोग घबराकर घरों, कार्यालयों और अन्य इमारतों से बाहर निकल आए। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण और कोलंबिया की भूकंप निगरानी एजेंसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र राजधानी बोगोटा से करीब 400 किलोमीटर पश्चिम में सान होजे डेल पालमार इलाके में था। भूकंप का केंद्र जमीन से करीब 94 किलोमीटर नीचे होने के बावजूद इसके झटके बड़े क्षेत्र में महसूस किए गए। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, चोको प्रांत के क्विब्डो शहर में कई इमारतों को संरचनात्मक नुकसान पहुंचा है।

मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र दिए और पदोन्नति के बैज लगाए

खंडवा में बनेगी नई पुलिस बटालियन, 3 राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल गठित होंगे

पुलिस के 58 संवर्गों में 27,534 पदोन्नत, 9,751 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी

बैगा, भारिया और सहरिया युवाओं की विशेष कंपनियां बनाने की घोषणा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता पुलिस बल को मजबूत करने के साथ पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को रविंद्र भवन में पुलिस विभाग द्वारा आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में नवीन भर्ती में चयनित पुलिसकर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए और पदोन्नत अधिकारियों-कर्मचारियों को बैज लगाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग के 58 संवर्गों में रिकॉर्ड 27,534 अधिकारी-कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया गया है। इनमें 12,928 आरक्षक प्रधान आरक्षक और 5,171 प्रधान आरक्षक सहायक उपनिरीक्षक बने हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 से अब तक विभिन्न संवर्गों में 14,704 से अधिक अभ्यर्थियों का चयन किया जा चुका है, जबकि 9,751 अतिरिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है।

मुख्यमंत्री ने खंडवा में नई पुलिस बटालियन स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में तीन राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल गठित किए जाएंगे। पहले चरण में एक बल का गठन होगा। विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह में शामिल बैगा, भारिया और सहरिया युवाओं की विशेष कंपनियां भी बनाई जाएंगी।

डॉ. यादव ने कहा कि खाकी वर्दी और कंधों पर सजे सितारे प्रदेश के नागरिकों की सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक हैं। पुलिसकर्मियों को ईमानदारी, संवेदनशीलता, अनुशासन और निष्पक्षता के साथ काम करते हुए जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और अपराधियों में कानून का भय कायम करना चाहिए। सरकार पुलिसकर्मियों के परिवारों के कल्याण के लिए भी अपने दायित्व निभाएगी।

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने बताया कि पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। इस वर्ष 9,662 विभिन्न पदों पर भर्ती की स्वीकृति मिली है। पुलिस बैंड और एफएसएल में भी भर्ती की जा रही है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ अभियान में हॉक फोर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रम में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ल सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। एडीजी एसएएफ श्री चंचल शेखर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अभिनंदन पत्र का वाचन किया।

रैगिंग से परेशान जूनियर डॉक्टर ने की आत्महत्या

नईदुनिया ब्यूरो, सूरतः गुजरात के सूरत स्थित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में प्रथम वर्ष के रेजिडेंट डॉक्टर हर्ष पंड्या ने रविवार को आत्महत्या कर ली। आरोप है कि वह रैगिंग से परेशान थे। मामले में कॉलेज प्रशासन ने चार सीनियर अनुज महेश्वरी, दीक्षित धेवरिया, निराली वसावे और हिनाबेन भूत को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया है। उन्हें हॉस्टल खाली करने का आदेश भी दिया गया है। कॉलेज प्रशासन ने सोमवार को चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। साथ ही विभागाध्यक्ष और तीन फैकल्टी सदस्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। हर्ष पंड्या न्यू सिविल हॉस्पिटल के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में कार्यरत थे।

कॉमनवेल्थ के यादगार किस्से *नरेंद्र बेरवाल ने पाकिस्तानी बॉक्सर का किस्सा सुनाया, प्रधानमंत्री भी हंस पड़े, पीएम मोदी ने मीराबाई से कहा...*

'आपके आंसुओं की हर बूंद से जैसे गोल्ड मेडल टपक रहा था'

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के दौरान के अपने अनुभव साझा किए।

बातचीत के दौरान वेटलिफ्टर मीराबाई चानू और बॉक्सर नरेंद्र बेरवाल के किस्सों ने खास ध्यान खींचा। नरेंद्र बेरवाल का पाकिस्तानी बॉक्सर से जुड़ा मजेदार किस्सा सुनकर प्रधानमंत्री भी हंस पड़े।

प्रधानमंत्री ने साझा किए खिलाड़ियों के जज्बे के किस्से...

मीराबाई चानू से बातचीत में प्रधानमंत्री ने उनके भावुक होने का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चानू के आंसुओं की हर बूंद से जैसे गोल्ड मेडल टपक रहा था। चानू ने बताया कि पेरिस ओलिंपिक में पदक से चूकने के बाद पिछले चार साल उनके लिए मुश्किल रहे। इस दौरान चोटों और पारिवारिक परेशानियों से जूझने के बाद कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतने पर पोडियम पर खड़े होकर वह अपने आंसू नहीं रोक सकीं। चानू ने महिलाओं की 48 किलोग्राम वेट कैटेगरी में कुल 190 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मेडल जीता था। बॉक्सर नरेंद्र बेरवाल ने 2015 वर्ल्ड मिलिट्री गेम्स का किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के बॉक्सर के खिलाफ मुकाबला जीतने के बाद दोनों इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे थे। वहां पाकिस्तानी बॉक्सर ने कहा कि उनका नाम नरेंद्र है, उनके कोच का नाम भी नरेंद्र है और प्रधानमंत्री का नाम भी नरेंद्र है। इसके बाद उसने मजाक में कहा कि उसे नरेंद्र नाम से ही नफरत हो गई है। यह किस्सा सुनकर प्रधानमंत्री हंस पड़े।

बॉक्सर जादुमणि सिंह ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले का अनुभव साझा किया। उन्होंने अपनी जीत कारगिल के वीरों को समर्पित की। हरियाणा की सीमा कालीरमन ने कहा कि अब वह अपने दोस्तों को बता सकेंगी कि वह प्रधानमंत्री से मिल चुकी हैं। उन्होंने डिस्कस थ्रो में 58.65 मीटर के प्रदर्शन के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता था। प्रधानमंत्री ने लवलीना बोरगोहेन की भी तारीफ की।

लवलीना ने ग्लासगो के एक रेस्टोरेंट में भारत का गलत नक्शा देखकर आपत्ति जताई थी। पैरा एथलीट दिलीप महादु गावित ने अपना गोल्ड मेडल अपने कोच को समर्पित किया। उन्होंने पैरा टी47 वर्ग की 100 मीटर दौड़ 10.71 सेकंड में जीती थी।